हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार 6 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 17.5 डिग्री

11 पुराने स्वरूप में लौटने लगा नंद सरोवर, दूसरे दिन भी चला स्वच्छता अभियान



12 स्वाथ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वीकारा सरकारी अस्पतालों में सुधार की जरूरत



*अनाजमंडी में लगे हुए थे गंदगी के ढेर, गंदे पानी की निकासी तक नहीं थी*

# मंत्री की आहट ने तोड़ी अफसरों की नींद, सफाई के लिए झोंक दी ताकत, किसानों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर की जिस अनाजमंडी में बीते शनिवार तक गंदगी के ढेर लगे हुए थे। बारिश बाद दूषित पानी का जमावड़ा था, उस अनाजमंडी की तस्वीर रविवार सुबह अचानक बदल गई। कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के आगमन को देखते हुए मार्केट कमेटी अधिकारियों की नींद टूट गई। अनाज मंडी को साफ-सुथरा बनाने के लिए अधिकारियों ने पूरा अमला मैदान में उतार दिया।

सरसों और गेहूं की आवक शुरू होने के बाद अनाजमंडी की सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई थी। बारिश के बाद दूषित पानी की निकासी तक नहीं हो रही थी। इससे मंडी में फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एक दिन पहले ही कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव का अनाजमंडी में मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन नवल किशोर गुप्ता के प्रतिष्ठान पर जलपान का कार्यक्रम फाइनल हुआ था। मंत्री के आगमन की सूचना के साथ ही मार्केट कमेटी के अधिकारी हरकत में आ गए। रविवार सुबह ही अनामंडी को साफ-सुथरा बनाने के लिए कर्मचारियों को मैदान में उतार दिया गया। टैंक लगाकर दूषित पानी को साफ कराया गया। देखते ही देखते दोपहर तक अनाजमंडी का नजारा पूरी तरह बदल दिया गया। इससे अनामंडी में गंदगी का सामना कर रहे आढ़तियों और किसानों को बड़ी राहत मिल गई।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में एक नंबर फड़ पर सरसों के बीच गोवंश का जमावड़ा। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। रविवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में पहुंचे गेहूं को सुखाते हुए मजदूर।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में फड पर सूखती सरसों पर आराम फरमाता गोवंश। फोटो : हरिभूमि

## फसल पर ही आराम फरमा रहे गोवंश

अनाज मंडी में रबी के सीजन की फसल की आवक बढ़ती जा रही है। एक तरफ मौसम की मार से फसल को नुकसान हो रहा है। वहीं अनाज मंडी में पूरे दिन गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है। प्रशासन की ओर से अनाज मंडी में घूमते गोवंश पर कंट्रोल नहीं किया जा रहा है। यहां तक की गोवंश फड पर सुखाई गई सरसों पर ही आराम फरमा रहे है। एक साथ कई गोवंश सरसों की बोरियों में मुंह मारते नजर आ रहे है। आढ़तियों व मजदूरों को बार-बार गोवंश को अनाज मंडी से निकालने के लिए पीछे भागना पड़ रहा है, जिसके बाद ये गोवंश कुछ समय के लिए इधर-उधर हो जाते है, लेकिन बाद में आंख चुराकर फिर से फड पर रखी फसलों में मुंह मारने पहुंच जाते है।



अनाजमंडी में टैंक लगाकर दूषित पानी को निकालते कर्मचारी।

## रेवाड़ी अनाजमंडी में पहुंचा नया गेहूं, नमी ज्यादा

*रेवाड़ी अनाजमंडी में रविवार को सीजन का नया गेहूं पहुंच गया है, लेकिन नमी ज्यादा होने के कारण फड़ पर सुखाया गया। जबकि कोसली अनाजमंडी में 90 हजार क्विंटल के करीब गेहूं की आवक हो चुकी है, लेकिन नमी ज्यादा होने के कारण खरीद कम हो पाई है। गत वर्ष रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में करीब 3.5 लाख क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी। अनाजमंडी में अब तक एक लाख 30 क्विंटल से अधिक सरसों ओपन में बिक चुकी है। रेवाड़ी अनाजमंडी में सप्ताह में तीन दिन हैफेड व तीन दिन वेयर हाउस की ओर से गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। कोसली व बावल मंडी में वेयरहाउस की ओर से गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। गेहूं की 12 प्रतिशत नमी तक ही सरकारी खरीद की जाएगी। जिले में एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए 24148 किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। एमएसपी पर फसल बेचने के लिए किसानों को मंडियों में गेट पास के लिए फोटो सत्यापन के लिए वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य है। गेट पास के लिए किसान का बायोमैट्रिक सत्यापन भी होगा। किसानों को वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट के फोटो और बॉयोमैट्रिक के बाद ही मंडी में एंट्री मिलेगी।*

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना जाटूसाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 12 फरवरी को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने भोतवास भोंदू निवासी मुकुल को गिरफ्तार किया है। उसकी इटियास कार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। थाना सदर पुलिस ने 31 मार्च को हादसे के बाद दर्ज किए गए केस में राजस्थान के खेतड़ी निवासी सुरेश कुमार को गिरफ्तार किया है। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** थाना जाटूसाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 3 अप्रैल को विभिन्न धाराओं और पोक्ट एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। सामान्य अस्पताल से पीड़िता का मेडिकल भी कराया गया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गुरुग्राम के हेली मंडी निवासी हितेष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गत 1 अप्रैल को केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने इस मामले में महेंद्रगढ़ के एक गांव निवासी सुनील को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। सदर थाना पुलिस ने गुरुग्राम के नानूकलां निवासी सुमित को बीते माह चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया था। अब रोहड़ाई थाना पुलिस ने चार मामलों में पूछताछ करने के लिए उसे कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी पूछताछ के दौरान जिले में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार कर चुका है।

### नाबालिग यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन पुलिस ने शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंगबाजी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो लोग मॉडल टाउन एरिया में शराब के नशे में हुड़दंगबाजी कर रहे हैं। इससे आसपास के लोगों की शांति भंग हो रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान ठठेरा चौक निवासी पूर्णचंद और बंजारवाड़ा निवासी रविकांत के रूप में हुई है।

### निवारक कार्यवाही के तहत तीन गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने झगड़े की आशंका को देखते हुए निवारक कार्यवाही के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना बावल पुलिस ने धारण की ढाणी में दो पक्षों के बीच झगड़े की आशंका को देखते हुए शुभम और नितिन को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने यूपी के नगला शीतल निवासी सुनील को भी निवारक कार्यवाही के तहत गिरफ्तार किया है।

## संदिग्ध हालत में युवक ने लगाई फांसी गंभीरावस्था में अस्पताल में दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ पुलिस उसके होश में आने का इंतजार कर रही

कनुका में शनिवार देर सायं एक युवक ने संदिग्ध हालत में फांसी लगा ली। समय पर पता चलने के कारण परिजन उसे अस्पताल ले जाने में कामयाब हो गए। एक निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। पुलिस उसके होश में आने का इंतजार कर रही है। गांव निवासी लगभग 35 वर्षीय राजसिंह अचानक फांसी के फंदे पर लटक गया। पता चलते ही परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर तुरंत शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया। अस्पताल में उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। रामपुरा थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद अस्पताल जाकर बयान लेने के प्रयास किए। डॉक्टरों ने उसे अनफिट करार दिया, तो पुलिस उसके होश में आने का इंतजार करने लगी। एसएचओ रामपुरा संजय कुमार ने बताया कि अभी राजसिंह के होश में आने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही फांसी लगाने के बारे में कुछ कहा जा सकेगा। वहीं परिवार के लोगों का कहना है कि उसका किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था। ऐसा कोई कारण नहीं आ रहा, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। उसके होश में आने पर ही कारणों का पता चल पाएगा।

## बाइक फिसलने से कंपनी कर्मचारी की मौत

**रेवाड़ी।** शनिवार की रात बाइक से घर लौट रहे बास बटौड़ी के एक कंपनी कर्मचारी की बाइक फिसलने से मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बास बटौड़ी निवासी 28 वर्षीय दीपक एक कंपनी में कार्यरत था। शनिवार को वह ड्यूटी खत्म होने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। आउटर बाइपास पर कालूवास चौक पर बने ब्रेकर उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों नमृत घोषित कर दिया। रामपुरा थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। कालूवास चौक पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस चौक पर बीते दिनों गांव के ही पुलिसकर्मी की हादसे में मौत हो गई थी। सर्कल व ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने घंटों रोड जाम किया था। लोक निर्माण विभाग की ओर ब्रेकर तो बनवा दिए, लेकिन सर्कल अभी तक नहीं बनाया गया है।

## अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खोरी

थाना खोल पुलिस ने नांधा मोड़ के पास बाइक पर अवैध शराब ला रहे एक युवक को शराब सहित गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जैसलमेर नेशनल हाइवे पर एक युवक बाइक पर शराब लेकर रेवाड़ी की ओर जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नांधा मोड़ पर नाकेबंदी कर दी। इसी दौरान एक बाइक को रुकवाया, तो बाइक पर शराब की 6 पेटियां रखी हुई मिलीं। बाइक चालक से पूछताछ करने पर उसने नाम चरखी दादरी जिले के कादमा निवासी अमन बताया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करते हुए शराब और बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी नारनौल थाने में केस दर्ज है। उसके पास मिली पेटियों में 48 बोतल अंग्रेजी और 24 बोतल देशी शराब की मिली हैं। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## रोडवेज ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्री घायल

■ हादसे के बाद बस स्टैंड के बाहर भीड़ जमा हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकुलर रोड स्थित बस स्टैंड के सामने रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पिता-पुत्री घायल हो गए। बाइक सवार बावल चौक से अंबेडकर चौक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बस स्टैंड के निकास द्वार से बाहर आती रोडवेज ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस स्टैंड के बाहर भीड़ जमा हो गई। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। रविवार दोपहर बाद गांव गुरदास माजरा निवासी प्रदीप कुमार अपनी बेटी के साथ बाइक पर नाईवाली चौक से गढ़ी बोलनी रोड की ओर जा रहे थे। जब वे बस स्टैंड के सामने पहुंचे तो बस अड्डे के निकास द्वार से तेज रफ्तार से निकली रोडवेज ने उनकी बाइक टक्कर मार दी। प्रदीप कुमार ने बचने का प्रयास किया, लेकिन बस की गति तेज होने के कारण वे दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। एक अन्य चालक बस को पीछे हटाने लगा, तो मौके पर मौजूद लोगों ने बस को हटाने नहीं दिया। घायल प्रदीप कुमार को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनके पैर में 16 टांके आए हैं। उनकी बेटी को भी पैर में चोट लगी है। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



रेवाड़ी। हादसे के बाद मौके पर खड़ी बस व जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

## वन स्टॉप सेंटर में रविवार को पसरा सन्नाटा गार्ड को छोड़कर कर्मचारी नदारद मिले

**रेवाड़ी।** रविवार को वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत कर्मचारी नदारद रहे। सेंटर पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता, न्याय और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है, जिसमें महिलाओं की सहायता के लिए कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी निर्धारित है। रविवार को खाली पड़े वन स्टॉप सेंटर का वीडियो वायरल हुआ है। सरकुलर रोड स्थित ट्रॉमा सेंटर के सामने स्थित वन स्टॉप सेंटर में करीब 9 कर्मचारियों की ड्यूटी हैं। सेंटर में महिलाओं की समस्याओं को सुनने और सहायता प्रदान करने के लिए 24 घंटे की शिफ्टों में 3 से 4 कर्मचारियों की उपस्थिति रहती है, जबकि रविवार को सेंटर में केवल एक सुरक्षा गार्ड ही मौजूद रहा, जबकि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी ड्यूटी पर नजर नहीं आए। गार्ड ने बताया कि कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी होती है, लेकिन उसे छुट्टी के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। रविवार को दिनभर सेंटर की कुर्सियां खाली पड़ी थीं और अंदर सन्नाटा पसरा हुआ था। शाम तक सेंटर में कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा।सामान्य दिनों में सेंटर पीड़ित महिलाओं, उनके परिजनों और अधिकारियों की आवाजाही से सक्रिय रहता है। मामले को लेकर डीपीओ शालू यादव ने बताया कि आपात स्थिति में भी सेंटर पर कर्मचारी मौजूद रहते हैं। सेंटर में सुरक्षा गार्ड सहित चार कर्मचारी हमेशा उपस्थित रहते हैं।





रेवाड़ी। वन स्टॉप सेंटर में मौजूद गार्ड।

**मौसम में बदलाव से गिरा रात का तापमान, बादल छाने से किसान लगातार परेशान**

# आज रात सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, आंधी व बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पश्चिमी विक्षोभ के बार-बार सक्रिय होने से मौसम पूरी तरह साफ नहीं हो रहा है। आसमान में छाने वाले बाल किसानों के लिए चिंता का सबब बने हुए हैं। एक और पश्चिमी विक्षोभ सोमवार रात से सक्रिय हो रहा है, जिसका असर 7 अप्रैल को तेज आंधी के साथ बारिश या ओलावृष्टि के रूप में सामने आ सकता है। रविवार को सुबह से आसमान साफ रहा। दोपहर बाद आंशिक बादल छाने शुरू हो गए। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान 1.9 डिग्री की कमी के साथ 17.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे रात के समय मौसम कूल बना रहा। हवा में नमी का स्तर 60 प्रतिशत से ज्यादा बना रहा। हवाओं की रफ्तार लगभग 12 किलोमीटर प्रति घंटा रही। बीते दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद मौसम का मिजाज ठंडा बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन के अनुसार 6 अप्रैल की रात को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में एक बार फिर से बदलाव की संभावना बन रही है।। 6 अप्रैल को शाम से ही बादलों की आवाजाही देखने को मिलेगी। रात को और 7-8 अप्रैल के बीच तेज गति की हवाओं या अंधड़ के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। मौसम के साथ ही तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। 9 या 10 अप्रैल से मौसम साफ होने की संभावना है। रविवार को शाम के समय आसमान में बादल छाने से कुछ इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई थी।



रेवाड़ी। रविवार शाम को बादलों का नजारा। फोटो : हरिभूमि

### फसल कटाई का कार्य अंतिम चरण में

इस समय किसान मौसम को देखते हुए गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से करने में लगे हुए हैं। गेहूं की लगभग 70 प्रतिशत तक कटाई होने का अनुमान है। पहले से कटाई कर चुके किसान फसल निकालने के लिए मौसम पूरी तरह साफ होने का इंतजार कर रहे हैं, जिससे मंडियों में गेहूं की आवक जोर नहीं पकड़ पा रही है। 30 प्रतिशत से ज्यादा किसानों ने सरसों की फसल भी नहीं निकाली है। इस समय होने वाली बारिश या ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।

### साफ हवा में सांस लेने का मिला मौका

बेशक खराब मौसम के कारण फसलों को नुकसान हुआ है, लेकिन इससे प्रदूषण के स्तर में काफी सुधार आ चुका है। मार्च माह के शुरू में एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया था। बार-बार बारिश होने के कारण इसका स्तर 70 के आसपास आ चुका है, तो काफी संतोषजनक माना जाता है। मौसम साफ होने तक एक्यूआई कम बना रहेगा। धारूहेड़ा का एक्यूआई शाम को महज 60 दर्ज किया गया।

## रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर मिला युवक का शव

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक युवक का शव बरामद किया है। शव को पहचान के लिए सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। आसपास केपुलिस थानों में शव मिलने की सूचना प्रेषित कराई गई है। प्लेटफार्म नं. 6-7 पर दिल्ली की ओर एक युवक अचेतावस्था में पड़ा देखकर लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने देखा, तो युवक मृतावस्था में पड़ा हुआ था। जीआरपी ने सीन ऑफ क्राइम टीम के मौके पर बुलाया। शव पर किसी तरह के चोट के कोई निशान नहीं पाए गए। मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में शव शिनाख्त के लिए अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया। एसएचओ कृष्ण कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए जीआरपी व पुलिस थानों को सूचना प्रेषित की गई है। उसके दाहिने हाथ पर चंद्रा गुदा हुआ है।

*हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का धयान रखिये कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।*
**- स्वामी विवेकानंद**





कहानी
**अर्चना कोचर**

# विश्वास की कसौटी

वह एक प्रतिष्ठित कारोबारी की बेटी थी, जो विदेश की एक कंपनी में काम करती थी। उसकी मां बिलखते हुए बोली-"बेटी, दो दिन पहले स्कूटी से शाम को शॉपिंग करने बाजार गई थी।'

सुबह-सुबह दरवाजे पर लगातार बजती घंटी से झुंझलाकर रुचिका ने गुस्से में दरवाजा खोला। सामने आधे फटे मैले-कुचैले कपड़ों में जवान लड़की खड़ी थी। चेहरा उतरा हुआ, होंठ फटे तथा आंखों में दहशत थी। वह लड़की उसे टुकुर-टुकुर देखने लगी। रुचिका माथे पर भौहें चढ़ाकर बोली-"अरी! बोलो क्या कहना है.. क्यों सुबह-सुबह टाइम खोटी कर रही हो..?" वह लड़खड़ाती ज़ुबान में बोली -"मैं.. नि..धी.., घर..फोन, किराया.. पैसे..।' तभी साथ वाले पड़ोसी के जवान बेटे अभय और अभिनव को आते देखकर वह ऐसे ठिठकी, जैसे उसे सौ वोल्टेज का झटका लगा हो और खुद में सिमटने की कोशिश करने लगी। भय के मारे उसका चेहरा पीला पड़ गया। रुचिका के करीब आने के लिए वह दो कदम और आगे बढ़ी-जैसे कुछ कहना चाहती हो, पर शब्द गले में अटक गए हो। होंठ हिल रहे थे, पर ज़ुबान साथ नहीं दे रही थी। उसकी आंखों और कांपते हाथों के इशारों में मदद की एक मूक पुकार थी। सुबह-सुबह एक तो पूरे घर को व्यवस्थित करके दफ्तर जाने की जल्दी, ऊपर से जवान लड़की को भीख मांगते देखकर रुचिका स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाई और क्रोधाग्नि में जलते हुए -"सुबह-सुबह भीख मांगना शुरू कर देते हो। कुछ तो शर्म करो.., भरी जवानी में दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो.. और उसे अनदेखा करके फटाक से गेट बंद कर दिया।" और वह मन-ही-मन बड़बड़ाते हुए–"इन भोली-भाली शक्लों के पीछे शैतानी दिमाग के बड़े-बड़े षड्यंत्र चलते हैं।"

फिर पति मुकेश की तरह मुखातिब होते हुए -"अभिनव और अभय दोनों पुलिस और सीआईडी में है। उन्हें देखकर उस लड़की ने ऐसी प्रतिक्रिया दी जैसे चोरी पकड़े जाने पर गुनाह से मुकर रही हो।" मुकेश-"यह अकेले काम नहीं करती हैं। इनके पीछे इनका पूरा गैंग होता है। इनका ज्यादातर काम इशारों से ही चलता है।" आजकल ठगों के भी नए-नए तरीके हो गए हैं। मदद मांगने के बहाने घर के अंदर घुस आते हैं ।" रुचिका ने सिर हिलाया, लेकिन कहीं भीतर असली और नकली में एक द्वंद्व छिड़ गया-"क्या वाकई वह ठग थी..?" दो घंटे बाद कार से दफ्तर जाते हुए सड़क किनारे लगी भीड़ को देखकर रुचिका ने गाड़ी रोककर ऊंची-ऊंची आवाज में-"क्या हुआ..क्या हुआ..का शोर मचाकर सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने लगी।' पास खड़े दुकानदार ने कहा -"सुबह से कोई लड़की गली में मदद की आस में इधर-उधर घूम रही थी, किसी से कुछ मांग रही थी। पर, कोई ध्यान नहीं दे रहा था। थोड़ी देर पहले यहीं गिर पड़ी।" वह फटाफट गाड़ी से उतरी और भीड़ के बीच सड़क पर उसी लड़की को बेहोश देखकर हैरानी से-"अरे! क्या हुआ इसे। दो घंटे पहले तो ठीक-ठाक थी। मेरे दरवाज़े पर भी आई थी, मदद मांग रही थी..। ठीक से बोल नहीं पा रही थी ।

*सुबह-सुबह एक तो पूरे घर को व्यवस्थित करके दफ्तर जाने की जल्दी, ऊपर से जवान लड़की को भीख मांगते देखकर रुचिका स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाई और क्रोधाग्नि में जलते हुए -"सुबह-सुबह भीख मांगना शुरू कर देते हो। कुछ तो शर्म करो.., भरी जवानी में दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो...*



शायद अपना नाम निधि बता रही थी, फोन और पैसे मांग रही थी। हो सकता है घर पर फोन करना चाह रही हो या घर जाने के लिए किराए के पैसे मांगने आई हो।" अब सुबह-सुबह सभी अपनी-अपनी दिनचर्या की आपा-धापी में व्यस्त होते हैं। इस बेचारी की मजबूरी कोई समझ नहीं पाया।" उस पर पानी के छींटें मारकर उसे होश में लाने की काफी कोशिश की गई, उसकी धड़कने धड़क रही थी, पर शरीर हरकत नहीं कर रहा था। रुचिका दफ्तर जाना भूल गई। दो-चार जवानों की मदद से उसे अपनी कार में डालकर फटाफट अस्पताल ले गई। उसके मन में आत्मग्लानी का बोध था-"उस बेचारी की ज़ुबान में कंपन थी, हलक भी सूख रहा था। उसने इशारों में अपनी बात समझाने की कितनी कोशिश की थी-उस समय इसे दो घूंट पानी ही पिला देती।" काश! सुबह इसकी समय पर मदद कर दी होती। अंतर्द्वंद्व की ऊहापोह में उलझी–अब यह रुचिका क्या करती–रोज़ नए रूपों में होने वाले धोखे और ठगी की वारदातों ने तो जरूरतमंदों की मदद पर से भरोसा ही खत्म कर दिया है। अब इस मासूम निधि की सच्ची पुकार भी शक के घेरे में आ गई। तेरे मन के पेंडुलम में झूलती इस शक की सुई ने दांव पर लगा दी ना एक मासूम ज़िंदगी। रुचिका की बढ़-चढ़कर निधि की मदद के कारण पीजीआई के डॉ विपुल शाह ने -"क्या हुआ इसे...?"
रुचिका- "डॉ. साहब, पता नहीं, सड़क के किनारे बेहोश मिली है।" डॉ विपुल शाह-"फिर तो पुलिस केस बनेगा। क्या यह आपकी पहचान में है?"

रुचिका - "नहीं, फिर भावुक होते हुए - डॉ. साहब, आप पुलिस को सूचित कर दीजिए, लेकिन पहले इसका इलाज शुरू कीजिए।" डॉ. विपुल शाह-"कल को कोई समस्या हो गई तो बात हमारी नौकरी पर आ जाएगी। आप तो पढ़ी-लिखी समझदार हैं, आपको पता ही है मीडिया और पुलिस का..।" रुचिका - "डॉ. साहब, मैं गारंटी ले रही हूं। आप इसका इलाज शुरू करिए।" लेकिन साथ आए युवक- "मैडम, कल को कोई लफड़ा हो गया तो लेने के देने पड़ जाएंगे। ऐसे निर्णय जज्बातों में बहकर जल्दबाजी से नहीं लिए जाते।"
रुचिका-" सुबह इस बेचारी की मदद ना कर पाने के कारण इसकी रुकती सांसों पर लेने के देने तो अभी भी पड़ रहे हैं।" युवक-"मैडम, पुलिस को आने दीजिए। केस की तहकीकात के पश्चात कोई फैसला लेना उचित होगा।"

रुचिका-" पर, तब तक बहुत देर हो जाएगी। अगर इसे कुछ हो गया तो, मैं तो जीते जी ही मर जाऊंगी।" वह निधि के इलाज में एक सेकेंड की देरी भी सहन नहीं कर पा रही थी, इसलिए उसकी निगाहें केवल निधि पर टिकी थी। डॉक्टरों के रोकने के बावजूद उसके कदम बार-बार उसके बेड की तरफ मुड़ जाते तथा उसकी धड़कनों की पुष्टि कर आते थे। पुलिस ने आते ही शीघ्रता से पूछताछ करके अपनी फाइल बना ली तथा डॉक्टर भी बड़ी तन्मयता से निधि के इलाज में जुट गए। उसकी लगातार उखड़ती सांसों के बावजूद उसकी जिंदगी के लिए धरती के भगवानों की उस सर्वशक्तिमान से जंग जारी रही। रुचिका वहीं बैठी रही तथा हाथ जोड़कर भगवान से प्रार्थना करती रही। हर बीतते पल के साथ उसे अपनी गलती का अहसास और भारी लगता जा रहा था और दिमाग स्कूल के गलियारे में पढ़ी 'हार की जीत' कहानी में घूम रहा था। बाबा भारती ने तो डाकू खड़क सिंह से यह वचन लिया था कि तुम दुनिया को यह मत बताना कि तुमने बाबा भारती से यह घोड़ा कैसे लिया है, वर्ना लोग अपाहिजों और दीन-दुखियों की मदद करना छोड़ देंगे। आज यही बात बिल्कुल यथार्थ हो गई है। पीड़ा की गहन अनुभूति में वह खुद से बड़बड़ाई - "बाबा भारती और सुल्तान तो हारकर भी जीत गए थे, पर यह रुचिका विश्वास की कसौटी पर.....।" पुलिस की तत्परता तथा नवयुवकों की सोशल मीडिया पर सक्रिय कोशिशों से निधि की पहचान मिल गई। वह एक प्रतिष्ठित कारोबारी की बेटी थी, जो विदेश की एक कंपनी में काम करती थी। पता लगते ही रोता-बिलखता पूरा परिवार अस्पताल आ गया। उसकी मां बिलखते हुए बोली- "बेटी, दो दिन पहले स्कूटी से शाम को शॉपिंग करने बाजार गई थी। स्कूटी पार्किंग में ही खड़ी रही और बेटी लौटकर नहीं आई। पास के पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वहां के सीसीटीवी फुटेज की मदद से देखा - निधि शॉपिंग करके पार्किंग की तरफ जा रही है, तभी पीछे से बिना नंबर प्लेट के तेज गति से आती गाड़ी का दरवाजा खुला, किसी ने उसे गाड़ी के अंदर खींच लिया और गाड़ी सरपट भगा दी। अंधेरे के कारण सीसीटीवी कैमरे में किसी का भी चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आया।" उसके मां-बाप से ज्यादा रुचिका सदमे में थी और जोर-जोर से बिलखते हुए-"उन दरिंदों के बराबर मैं भी कसूरवार हूं।" निधि के मां-बाप ने उसे प्यार से तसल्ली दी– "बेटी, खुद को दोष मत दो.. होनी अटल है।" डॉक्टरों के अनुसार- इसके साथ कई बार गैंगरेप किया गया है तथा यह दो दिन से भूखी-प्यासी भी है। लगता है चलती गाड़ी से धक्का दिए जाने के कारण इसके शरीर के अंदरूनी हिस्सों में आई गहरी चोटों का रक्तस्राव रुक नहीं रहा है। भीतर रक्त के थक्के जमने लगे हैं, जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है। हाई बीपी के कारण अभी ऑपरेशन करना संभव नहीं है, इसलिए दवाइयों से इसे नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। बेटी की हालत को देखते हुए उसके पापा उसे किसी अच्छे अस्पताल में शिफ्ट करने की विनती करने लगे, लेकिन उसकी नाजुक हालत को देखते हुए, पीजीआई के डॉक्टरों ने इसकी इजाजत नहीं दी ।

तभी डॉक्टर द्वारा निधि के होश में आने की खबर किसी चमत्कार से कम नहीं थी। अब सभी को उम्मीद की किरण नजर आने लगी तथा उसके इर्द-गिर्द जमा होकर भगवान का शुक्रिया अदा करने लगे। हम सबसे ज्यादा पुलिस को उसका बयान लेने की जल्दी थी। निधि होश में कम, बेहोशी में बड़बड़ाए जा रही थी–" छोड़ो.. छोड़ो.. दर्द.. हो.. रहा.. है.. तुम.. चार...गंदी..हरकत, मैं.. गाड़ी..से..कूद.." उसकी ज़ुबान लड़खड़ा रही थी और वह जोर-जोर से सांसें ले रही थी। डॉक्टरों ने उसे नियंत्रित करने की बड़ी कोशिश की लेकिन उसकी जिंदगी फूलती सांसों से हार गई। जिंदगी की सरपट सड़क पर दौड़ती रुचिका अपने ही व्यंग्य बाणों से घायल थी-"दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो, कुछ तो शर्म करो, भरी जवानी में....।"

पुस्तक समीक्षा

## सामाजिक प्रतिबद्धता व कलात्मक संतुलन है 'सदियों में गुज़रते पल'




समीक्षक
**डॉ. कुमुद रामानंद बंसल**

डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' का लघुकथा संग्रह 'सदियों में गुज़रते पल' समकालीन हिंदी साहित्य में समय, समाज और संवेदना के अंतरसम्बंधों का गहन और सुस्पष्ट दस्तावेज है। यह कृति क्षणिक घटनाओं के पीछे छिपी उन संरचनात्मक सच्चाइयों को उद्घाटित करती है, जिनकी टीस सदियों तक बनी रहती है। शीर्षक का द्वंद्व 'पल' और 'सदियां'- व्यक्तिगत पीड़ा और सामूहिक स्मृति के बीच तनाव रचता है; यही तनाव इस संग्रह की वैचारिक धुरी भी है। विधागत दृष्टि से यह संग्रह समकालीन लघुकथा परंपरा में विवेक-प्रधान और नैतिक प्रश्नोन्मुख प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करता है। यहां कथाएं घटना-प्रधान सनसनी नहीं रचतीं, बल्कि विवेक को उकसाती हैं। लेखिका का सरोकार मनुष्य से है- उस मनुष्य से जो व्यवस्था में पिसता भी है और कभी-कभी उसी व्यवस्था का औज़ार भी बन जाता है। इसीलिए इन लघुकथाओं में प्रत्यक्ष उपदेश नहीं, बल्कि नैतिक असहजता का निर्माण है। संग्रह की उद्घाटन कथा 'सौदागर' सत्ता और राजनीति के यथार्थ को तीखे रूपक में ढालती है- जहाँ कंबल और राशन के बदले "दिमाग़ और आत्मा" खरीदे जाते हैं। सांप्रदायिक उन्माद पर आधारित 'अल्लाह और ईश्वर बह गए' में धर्म, भीड़ और हिंसा का गठजोड़ मानवीय विवेक को रक्तरंजित यथार्थ में बदल देता है। 'मैं ज़िंदा हूँ' तंत्र की त्रुटियों को इस हद तक उजागर करती है कि जीवित व्यक्ति अपनी पहचान से वंचित हो जाता है- यह संवेदनहीन व्यवस्था की तीखी आलोचना है। इस संग्रह का एक महत्त्वपूर्ण आयाम भीड़-मानसिकता और तमाशबीन समाज का विश्लेषण है। शिल्प की दृष्टि से लघुकथाएं सधी हुई हैं- भाषा सरल, संवाद स्वाभाविक और संरचना कसावपूर्ण। अंत चौंकाने के लिए नहीं, बल्कि सोच को गहरा करने के लिए आते हैं। डायरी-शैली, एकालाप और मानवेत्तर दृष्टि जैसे प्रयोग वैविध्य देते हैं, पर कथ्य पर हावी नहीं होते। इन रचनाओं की एक बड़ी शक्ति मौन का सौंदर्य है- शब्दों के बीच की रिक्तियां बोलती हैं, और वही अर्थ को गाढ़ा करती हैं। समग्रतः, सदियों में गुज़रते पल समकालीन हिंदी लघुकथा को वैचारिक गहराई, सामाजिक प्रतिबद्धता और कलात्मक संतुलन प्रदान करने वाला सशक्त संग्रह है। इसे पढ़कर पाठक राहत नहीं, असुविधा के साथ उठता है और यही गंभीर साहित्य की सबसे बड़ी सफलता है। यह कृति सहानुभूति से आगे बढ़कर आत्मपरीक्षण और नैतिक उत्तरदायित्व की मांग करती है; इसी में इसकी स्थायी साहित्यिक महत्ता निहित है।



डॉ. नीरू मित्तल 'नीर'

कवि कॉर्नर

कविता
**डॉ. कमलेश मलिक**



## समय की धार

सुपर पावर देश का बन स्वामी महान
ट्रंप ले आया हास्य विनोद का सामान
चार्ली चैपलिन से करतब दिखा- दिखा
तान लिया है उसने कीर्ति का वितान

चाहा था शांतिदूत का मिले पुरस्कार
अब भर रहा प्रतिदिन युद्ध में हुंकार
रह गया उलझ कर अपने ही जाल में
कमजोर नहीं दुश्मन , दे रहा ललकार

वर्चस्व जमाने कभी पहुंचा था वियतनाम
आठ साल लड़कर भी हुआ था नाकाम
अफगानिस्तान ने भी छक्के छुड़ा दिए भाग
कर आकाश का आंचल लिया थाम।

इजराइल ने खींच लिए अपने तीर कमान
ट्रंप महाशय हंस कर बदलते रोज बयान
कूटनीति या पटाक्षेप ? है विश्व अचंभित
रही-सही साख कहीं ना ले बैठे ईरान!

निष्फल सारे हो गये महाशक्ति के वाण
कोई चारा नहीं जो मिले तेल की खान
काट के घोड़े कहां लड़ें मैदानी जंग
अमरीकी जनता दे दे अपने गुरु को ज्ञान

चिंतक की मुद्रा में है भारत का व्यवहार
नाप रहा है, तोल रहा वह समय की धार
तूफानी आहट का है आभास उसे भी जो
नौका पार उतारे वह ढूंढ रहा पतवार।

कविता
**सुधीर ढांडा कौल**



## सांसें भी घुटने लगी

अब धीरे धीरे गर्मी बढ़ने लगी है,
देखो हर चीज अब तपने लगी है।

बिन बिजली के गाँव व शहर में,
देखो सांसें भी अब घुटने लगी हैं।

घर से बाहर कोई कैसे निकले,
गर्म गर्म हवाएं जो चलने लगी हैं।

लोग अपने घरों में दुबकने लगे,
बाजारों की रौनक भी खोने लगी हैं।

गर्मी से पशु पक्षी सब हाँपने लगे,
तालाब बावड़ी सब सूखने लगी हैं।

जानवर जंगल से दूर भागने लगे,
जंगल में आग जो सुलगने लगी है।

होंठ सूखे से रहते हैं अब 'सुधीर,
अब प्यास भी ज्यादा लगने लगी है।



व्यंग्य
**मधुकांत**

# नौरंगीलाल को मिल गया टिकट

नौरंगीलाल शाम को अपने ड्राइंग रूम में बैठे टीवी पर समाचार देख रहे थे। लोकसभा के चुनाव की घोषणा हो चुकी, आचार संहिता लग गई। नौरंगीलाल 10 वर्ष से कच्चे कर्मचारियों के रूप में काम कर रहा है अर्थात 10 वर्ष से उसके सिर पर कच्चे धागे से बंधी तलवार लटक रही है। 10 वर्ष पुराना धागा कमजोर हो चुका है, फिर भी न जाने कब टूट जाए और तलवार उसके सिर पर गिरे और वह लहूलुहान हो जाए।

चुनाव की घोषणा से पूर्व 10 वर्ष पुराने कर्मचारियों को पक्का आश्वासन दे रखा था कि उनको पक्का कर दिया जाएगा। प्रतिदिन अखबार में शुभ समाचार सुनने के लिए उसकी आंखें थक गई थी। शुभ समाचार तो नहीं आया परंतु एक दिन अचानक चुनाव की तारीख घोषित हो गई। नारंगी लाल के सिर पर लटकती तलवार लटकती ही रह गई। समाचारों से विरक्त नौरंगी आजकल धार्मिक चैनल देखने लगे। आज भी वह आस्था चैनल पर भगवान राम को सीता हरण के बाद विलाप करते हुए देख रहे थे, तभी अचानक द्वार पर दस्तक हुई। सीता को उठाकर अट्टहास करते रावण का दृश्य देखकर नौरंगीलाल घबरा सा रहा था। इस घबराए मन से उठकर उसने द्वार खोला तो पांच खद्दरधारी नेताओं को देखकर चौंक गया, क्या मालूम रावण की भांति यह भी भेष बदलकर आए हों। आधा द्वार खोलकर उसने पूछा कहिए जनाब। अरे नौरंगीलाल जी, हम तो आपके लिए खुशखबरी लाए हैं और आप मिठाई खिलाने के बदले अभी तक हमें द्वार पर ही रोक हुए हो। द्वार के सामने से हटते हुए नौरंगीलाल ने पूछा क्या खुशखबरी है भाई मेरे लिए। पांचों खद्दरधारी अंदर जाकर सोफे पर बैठ गए। नेताजी यानी एमपी साहब इस चुनाव में आपको अपनी पार्टी से टिकट दिलवाना चाहते हैं। मुझे...मुझे क्यों भाई, नारंगी के चेहरे पर आश्चर्य से हवाइयां उड़ने लगी। ... क्योंकि आप इस क्षेत्र के सबसे ईमानदार व्यक्ति हो, हमारी पार्टी का नाम भी ईमानदार पार्टी है इसलिए एमपी साहब ने फैसला किया है कि अपने क्षेत्र के सबसे ईमानदार व्यक्ति से चुनाव लड़वाएंगे। पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करवाया गया है, जिसमें सबसे अधिक ईमानदार व्यक्ति आपको ही पाया है, इसलिए नेताजी ने कल आपको पार्टी कार्यालय में बुलाया है नारंगीलाल जी मेरा नाम रामधन है, चुनाव जीतने के बाद आप हमको भूल नहीं जाना। नौरंगीलाल के सीने में आत्मविश्वास भर गया। चुनाव के लिए धन कहां से आएगा उन्होंने अपनी शंका प्रकट की। नौरंगीलाल जी, आप चिंता न करें नेताजी को सब पता है। ईमानदार आदमी के पास धन नहीं होता इसलिए आप पार्टी फंड से चुनाव लड़ेंगे।

*पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करवाया गया है, जिसमें सबसे अधिक ईमानदार व्यक्ति आपको ही पाया है, इसलिए नेताजी ने कल आपको पार्टी कार्यालय में बुलाया है।*

नारंगी ने कभी सोचा भी नहीं था कि बिल्ली के भागों से चिक टूट पड़ेगा। यूं स्कूल में हिंदी अध्यापक ने एक बार निबंध लिखवाया था कि यदि मैं शिक्षा मंत्री बन जाऊं, निबंध में सबसे अधिक अंक उसके ही आए थे। नारंगी लाल ने कहा कि भाई साहब, आपकी बात तो ठीक है, अपने देश में नेताजी तो ईमानदार होने ही चाहिए, फिर भी भाई साहब, एक बार मैं अपनी पत्नी से पूछ लेता हूं क्योंकि मैंने उनके साथ सात फेरे लेते हुए वचन दिया था कि विशेष फैसलों का निर्णय लेते हुए मैं उनकी सलाह अवश्य लूंगा। उत्साह से नौरंगी लाल अंदर कमरे में चले गए। पत्नी भी दरवाजे की ओर खड़ी सब सुन रही थी। नौरंगी का कमीज खींच कर कोने में ले गई और बोली कि तुरंत हां कर दो जी, ऐसा मौका बार-बार नहीं आएगा। एक बार चुनाव जीत गए तो जन्म-जन्म की गरीबी धुल जाएगी। अरे क्या कह रही हो, ईमानदारी के कारण तो हमको टिकट मिल रहा है और तुम क्या बात करती हो। सब नेता लोग ईमानदार ही होते हैं और कोई व्यवसाय व्यापार भी नहीं करते, फिर भी उनकी धन-संपत्ति बढ़ती ही रहती है। जाओ, जल्दी से हां कर दो... कहते हुए पत्नी ने नौरंगी लाल को बाहर की ओर धकेल दिया। बैठक में पहुंचते ही नौरंगी लाल ने कहा कि टीनू की मम्मी ने हां कर दी है।

बहुत अच्छा... अब आपका टिकट पक्का समझो, हां चुनाव जीतकर हम पांचों को भूल नहीं जाना। मेरा नाम धनीराम है और कल 10:00 बजे आप तैयार रहना, मैं आपको गाड़ी में अपने साथ पार्टी कार्यालय ले जाऊंगा। तीसरे खद्दरधारी ने कहा ..अब हम चलते हैं। अरे भाई, कुछ चाय-नाश्ता नहीं करोगे क्या? नौरंगी ने औपचारिकतावश कहा। कल आपके साथ पार्टी कार्यालय में ही पार्टी करेंगे, पांचों खद्दरधारी हाथ मिलाकर बाहर निकल गए। उनके जाते ही नौरंगी की पत्नी तुरंत आ धमकी। टीनू के पापा, कमाल हो गया। अब आप बन जाओगे मंत्री जी लोग मुझे भी मंत्रानी जी पुकारेंगे। ईमानदार पार्टी ने तो हमारे लिए कमाल ही कर दिया भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं।

भागवान तू तो रोज मेरी ईमानदारी पर ताना मारती थी, मुझे रिश्वत लेने पर विवश करती थी।

क्या बात करते हो जी? मैं तो आपसे मजाक करती थी, मुझे अच्छे से मालूम है कि ऑनेस्टी इस द बेस्ट पॉलिसी और इसी ईमानदारी ने आपको टिकट दिलवाया है।

मोटिवेशनल

## आत्म-अनुशासन ही सफलता की कुंजी



**विपुल शर्मा**
मोटिवेशनल स्पीकर

आज का युवा सफल होना चाहता है। अच्छा करियर, पहचान, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन। अवसर भी पहले से कहीं अधिक हैं, संसाधन भी उपलब्ध हैं, लेकिन इसके बावजूद असंतोष, भ्रम और असफलता की भावना बढ़ती जा रही है। इसका कारण प्रतिभा या अवसरों की कमी नहीं, बल्कि उस मूल गुण की अनदेखी है जिस पर सफलता टिकती है: आत्म-अनुशासन। हम अक्सर प्रेरणा की तलाश में रहते हैं। मोटिवेशनल वीडियो देखते हैं, किताबें पढ़ते हैं, सेमिनार सुनते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि प्रेरणा क्षणिक होती है, जबकि आत्म-अनुशासन वह शक्ति है जो बिना प्रेरणा के भी हमें आगे बढ़ाता है। जब मन न हो, तब भी सही काम करना, यही आत्म-अनुशासन है। आत्म-अनुशासन का अर्थ है, आराम से बाहर निकलकर प्रयास करना, बहानों को पहचानकर उनसे ऊपर उठना और लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहना। दुनिया का कोई भी सफल व्यक्ति केवल प्रतिभा या भाग्य के कारण नहीं, बल्कि अनुशासन के कारण आगे बढ़ा है। प्रतिभा अवसर दिला सकती है, लेकिन अनुशासन ही उस अवसर को परिणाम में बदलता है। आज की सबसे बड़ी चुनौती अवसरों की कमी नहीं है, बल्कि ध्यान भटकाने वाले साधनों की भरमार है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, तुरंत सफलता की चाह और दूसरों से तुलना: ये सभी युवा को अस्थिर बनाते हैं। ऐसे समय में आत्म-अनुशासन ही वह कवच है, जो व्यक्ति को अपने लक्ष्य पर टिके रहने की शक्ति देता है। आत्म-अनुशासन किसी एक दिन में विकसित नहीं होता। यह रोज़ के छोटे-छोटे निर्णयों से बनता है। समय पर उठना, रोज़ कुछ नया सीखना, स्क्रीन टाइम को सीमित करना, जिम्मेदारी निभाना और खुद से किया गया वादा निभाना। यही छोटी आदतें लंबे समय में बड़े परिणाम देती हैं। आज का युवा चाहे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा हो, सरकारी नौकरी का सपना देख रहा हो, स्टार्टअप शुरू करना चाहता हो या किसी कौशल में विशेषज्ञ बनना चाहता हो- हर रास्ते की पहली शर्त आत्म-अनुशासन है। बिना अनुशासन के मेहनत बिखर जाती है। हमें यह भी समझना होगा कि असफलता अंत नहीं है। असफलता अक्सर अनुशासन की परीक्षा होती है। जो युवा गिरकर सीखता है और अनुशासन के साथ दोबारा उठता है, वही आगे चलकर मजबूत बनता है। आज जरूरत प्रेरणा से अधिक अनुशासन की है क्योंकि आत्म-अनुशासन ही वह आदत है, जो हर सपने को हकीकत में बदलने की ताकत रखती है।

लघु कथा

## नैतिकता



**डॉ. तबस्सुम जहां**
कहानीकार

'सर आपको जन्मदिन बहुत-बहुत मुबारक।'

ओह संगीता, बहुत शुक्रिया। क्या हमारे जन्मदिन पर मुंह मीठा नहीं कराओगी?

संगीता को खटका हुआ। सर के इस वाक्य का आशय वह भली-भांति जानती है। एक साल से वह झेल रही है कि उसके निर्देशक कैसे पढ़ाते -पढ़ाते बिना बात विषय प्रेम और सेक्स से जोड़ देते हैं। वह अक्सर उनकी इन हरकतों पर सकपका जाया करती थी। चूंकि संगीता एक खुद्दार और स्वाभिमानी लड़की थी इसलिए डॉ. विमल कुमार के किसी झांसे में नहीं फंसती थी। कभी सख्ती से उनसे बोल भी देती 'प्लीज़ सर मुझसे ऐसी बातें न किया करें।'

उनकी बातों के लिजलिजेपन को वो बीते एक साल से झेल रही थी पर पीएचडी अटक जाने के डर से न तो सुपरवाइज़र बदल सकती थी और न ही परिस्थितियों से भाग सकती थी। और डॉ. विमल कुमार थे कि जब-तब उसके सामने प्रेम आग्रह करते रहते।

उस दिन भी विमल कुमार ने उसे टोका- 'फिर क्या सोचा संगीता तुमने'

'माफ़ कीजिए सर, आप मेरे गुरु हैं, मैं आपको पिता तुल्य मानती हूं। मेरी नैतिकता इसकी इजाज़त नहीं देती। आप मेरे पिता समान हैं।'

'तो एक काम करो, तुम मुझे पिता समझ कर गले लगा लो और मैं तुम्हें अपनी गर्लफ्रेंड समझ कर गले लगा लेता हूँ।' दोनों की नैतिकता बची रहेगी।

संगीता के शरीर में काटो तो खून नहीं। वह आवाक़ रह गई। आज उसे नैतिकता का नया पाठ पढ़ाया गया है, वो भी शिक्षा के मंदिर में। उसने घृणा से सिर झुका लिया।

कुछ हटकर

# बी. टेक सीएससी के बाद करियर विकल्प



**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर


डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित पेशे बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज , डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिद्म, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है।

### उच्च शिक्षा के मौके

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएँ हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं। बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं।

### उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स
- साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतरराष्ट्रीय सर्टिफिकेशन
- अमेज़न वेब सर्विस
- माइक्रोसॉफ्ट अजोर
- गूगल क्लाउड
- सिस्को सीसीएनऐ
- कॉम्प टीए सिक्योरिटी



### आवश्यक कौशल

कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता, प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता, डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ आदि क्षमताओं का होना आवश्यक है।

### निजी क्षेत्र में विकल्प

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियां, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

**ये मिल सकता है वेतन :** निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियाँ इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

### सरकारी क्षेत्र में मौके

सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।

**ये मिल सकता है वेतन :** सरकारी क्षेत्र में बैचलर ऑफ फार्मेसी स्नातक की प्रारंभिक आय 4 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख वार्षिक तक हो सकती है।

*किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर भी विज़िट कर सकते हैं।*

## ओपीडी और रेडियोलॉजी विभाग का उद्घाटन आज

**नारनौल।** महर्षि च्यवन ऋषि मेडिकल कॉलेज के अंदर राव तुलाराम अस्पताल के ओपीडी व रेडियोलॉजी विभाग का छह अप्रैल को उद्घाटन होगा। यह उद्घाटन प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव दोपहर दो बजे करेंगी। इससे पहले नांगल चौधरी हलका के गांव बलावा में कार्यकर्ता पवन के आवास पर सुबह साढ़े नौ बजे चाय पर चर्चा का कार्यक्रम में जाएंगी। इसके बाद सुबह साढ़े 10 बजे गांव भोजावास में कार्यकर्ता मिंटू के आवास पर चाय की चर्चा में हिस्सा लेगी। वहां से साढ़े 11 बजे नांगल चौधरी स्थित श्रीराम स्कूल में अनिल यादव के आवास पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लेगी।

## रॉन्ग साइड चलने की वजह से व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचावास टोल के पास एक बाइक चालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के बेटे मनीष ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव छाजियावास का निवासी है।पांच अप्रैल को करीब 11:30 बजे डायल 112 को फोन आया कि उसका पिता का 152–डी पर करीब दो किलोमीटर नजदीक बुचावास टोल पर एक्सीडेंट हो गया है व एंबुलेंस में सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ ले जाया गया है।

### मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों का किया औचक निरीक्षण

# पुलिस टीम ने शहर में पैदल गश्त कर लोगों को कराया सुरक्षा का अहसास





रेवाड़ी। शहर में पैदल गश्त करते हुए पुलिस टीम तथा दुकानदारों की समस्या सुनते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

पुलिस की ओर से अपराधों पर अंकुश लगाने और शहर के लोगों को सुरक्षित माहौल देने के लिए रात्रि के समय लगातार पैदल गश्त की जा रही है। शनिवार रात्रि एसएचओ सिटी इंस्पेक्टर सूबे सिंह, एसएचओ रामपुरा पीएसआई संजय, एसएचओ कसोला इंस्पेक्टर सतीश कुमार, जगन गेट चौकी इंचार्ज एसआई संदीप कुमार, कुंड चौकी इंचार्ज एसआई योगेश कुमार व सेक्टर-3 चौकी इंचार्ज पीएसआई राकेश कुमार ने टीमों के साथ अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पैदल गश्त की।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की। पुलिस टीम ने क्षेत्र के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया।

उन्होंने दुकानदारों, व्यापारियों और युवाओं से संवाद किया और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी लिए। थाना प्रभारियों ने कहा कि नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान कराना ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। आरती राव का स्वागत करते सुनील मुसेपुर। फोटो : हरिभूमि

# सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कृतसंकल्पः आरती राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में कृतसंकल्प है। प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को लगातार मजबूत बनाया जा रहा है। आरती रविवार शाम भाजपा नेता सुनील मुसेपुर के निवास पर आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ को संबोधित कर रही थीं। इसके बाद उन्होंने अनाज मंडी में भी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नई सीएचसी और पीएचसी का निर्माण कराया जा रहा है। अस्पतालों की पुरानी बिल्डिंगों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अस्पतालों में डॉक्टरों के खाली पदों को भरने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। अस्पतालों में दवाओं की कमी को दूर करने के लिए सरकार लगातार दवाओं की खरीद कर रही है। अस्पतालों में बेहतर सेवाएं मिलने की वजह से ही प्रदेश के मरीजों का रुझान सरकारी अस्पतालों की ओर बढ़ रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली व पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 'चाय पर चर्चा' के बहाने भीड़ जुटाने की होड़ दूसरों से 'इक्कीश' साबित हुए सुनील मुसेपुर



रेवाड़ी। 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आरती राव।

- कार्यक्रम में सुनील समर्थकों ने दिखाया जोश, शहर में अभी भी दमदार पकड़ बरकार रहने का दिया संदेश

नरेन्द्र वत्स ▶▶। रेवाड़ी

कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव 'चाय पर चर्चा' के बहाने एक ओर जहां पिता राव इंद्रजीत सिंह के पुराने समर्थकों के बीच जाकर पकड़ मजबूत बनाने की दिशा में फील्ड एक्सरसाइज में लगी हुई हैं, तो उनके कार्यक्रमों में समर्थक भी भीड़ से अपना प्रभाव दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को चार जगह 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील मुसेपुर ने भारी भीड़ जुटाकर यह संदेश दे दिया कि शहर में उनकी पकड़ पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो चुकी है।

रविवार सुबह भांडोर गांव में शहीद की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आरती राव कुंड में पहले डा. संजय मेहरा के निवास पर 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में पहुंची। डा. संजय मेहरा ने समूची खोल बेल्ट से समर्थकों की भीड़ जुटाकर अपनी राजनीतिक ताकत का अहसास कैबिनेट मंत्री को कराया। इसके बाद वह राव इंद्रजीत सिंह के पुराने व खास समर्थक डा. अरविंद यादव के निवास पर भी कार्यक्रम में शामिल हुई। शाम के समय उन्होंने सुनील मुसेपुर की ओर से उनके निवास पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत ही, तो भारी भीड़ ने उन्हें उत्साहित कर दिया। पिछले चुनावों के बाद से राजनीति के मैदान में ज्यादा एक्टिव नजर नहीं आने वाले सुनील मुसेपुर ने आरती की सभा में भारी भीड़ जुटाकर राजनीतिक विरोधियों को बड़ा संदेश देने का काम कर दिया। भले ही वह राजनीतिक गलियारों में ज्यादा एक्टिव नजर नहीं आ रहे हों, परंतु इस कार्यक्रम में यह साबित हो गया कि शहर में उनके चाहने वालों की संख्या कम नहीं है। सुनील के कार्यक्रम के बाद आरती ने अनाज मंडी में भी मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन के निवास पर चाय पर चर्चा की।

### टिकट से वंचित रह गए थे सुनील

सुनील मुसेपुर को वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भाजपा की टिकट दिलाकर मैदान में उतारा था। उन्हें टिकट मिलने के बाद भाजपा में राव के विरोधी खेमे ने एकजुट होकर सुनील को हराने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। पार्टी की गुटबाजी के चलते ही वह मतों के काफी कम अंतर से चुनाव हार गए थे। अहीरवाल में भाजपा की यह सीट हाथ से निकलने के पीछे पार्टी के ही कुछ 'कर्णधारों' की भूमिका थी। गत विधानसभा चुनावों में उन्होंने एक बार फिर पार्टी की टिकट हासिल करने के प्रयास किए, लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें टिकट से वंचित रख दिया।

### नप चुनावों में निभा सकते हैं भूमिका

नगर परिषद के चुनाव जल्द होने वाले हैं। मतदाता सूचियों के प्रकाशन के बाद इसकी घोषणा होना शेष है। आरती के चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शहर के लोगों की भीड़ एकत्रित जुटाने में कामयाब रहे सुनील मुसेपुर ने यह साफ संकेत दे दिए हैं कि इन चुनावों में उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नगर परिषद चेयरमैन एसी महिला के लिए आरक्षित है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी की जीत में उनकी बड़ी भूमिका देखने को मिल सकती है।

# पूर्व मंत्री की चोरीशुदा गाड़ी से शराब तस्करी, आरोपी काबू

### सीआईए के हत्थे चढ़े स्कॉर्पियो खरीदने के आरोपी

- गत 28 मार्च को पूर्व मंत्री के सेक्टर–3 निवास से चोरी हुई थी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गत 28 मार्च को पूर्व मंत्री जसवंत के सेक्टर-3 निवास से चोरी हुई स्कॉर्पियो गाड़ी को सीआईए कोसली ने राजस्थान से बरामद करने में सफलता हासिल की है। चोरी की गाड़ी से शराब की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने चोरी की गाड़ी खरीदने के मामले में दो आरोपियों को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। पूर्व मंत्री ने कुछ दिन पहले ही नई स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदी थी। 28 मार्च की रात चोर गाड़ी का पिछला शीशा तोड़ने के बाद उसे लेकर फरार हो गए थे। पूर्व मंत्री की शिकायत पर मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया था। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने मामले की जांच सीआईए को सौंपी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीआईए कोसली को सूचना मिली थी कि चोरी की गई गाड़ी का इस्तेमाल जोधपुर में शराब तस्करी में किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम ने जोधपुर जाकर गाड़ी बरामद कर ली। गाड़ी खरीदने वाले दो लोगों को भी पुलिस ने धर दबोचा। सीआईए ने अब गाड़ी चोरी करने वाले लोगों का पता लगाने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

# समारोह में लोकगायक दीपचंद कपूरी और नरेश कुमार पुरस्कृत



रेवाड़ी। समारोह में उपस्थिति चीफ गेस्ट व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुंड

लिसान के जाने-माने लोकगायक एवं रेडियो सिंगर महाशय भीमसिंह की जयंती की पूर्व संध्या पर कपूरी गांव में स्मृति समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लोकगायक दीपचंद कपूरी तथा नरेश कुमार को महाशय भीमसिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लोकगायकों ने महाशय भीमसिंह की रचनाओं का करीब तीन घंटे गायन कर उन्हें अनूठी श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.त्रिलोकचंद फतेहपुरी की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में केंद्रीय हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य एवं संस्कृति लेखक सत्यवीर नाहड़िया ने मुख्य वक्ता रहे। मंच के अध्यक्ष वरिष्ठ लोकगायक रामसिंह दखोरिया ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। डा. फतेहपुरी ने महाशय भीमसिंह के रचना-संसार को कालजयी बताते हुए उन्हें लोक-संस्कृति का सच्चा संवाहक बताया। नाहड़िया ने उनके संपादन में प्रकाशित होने वाली ग्रंथावली की विस्तृत जानकारी देते हुए उनकी आशु काव्य प्रतिभा, होली गायन शैली तथा दो दर्जन से ज्यादा हरियाणवी किस्सों की रचनाधर्मिता प्रकाश डाला। मंच के अध्यक्ष दखोरिया ने महाशय भीमसिंह ग्रंथावली प्रकाशित करवाने की घोषणा की।

# स्वच्छता अभियान से पुराने स्वरूप में लौटने लगा नंद सरोवर





रेवाड़ी। संस्था की ओर से सफाई के बाद सुधरी नंद सरोवर की स्थिति तथा रविवार को नंद सरोवर पर सफाई करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

ऐतिहासिक नंद सरोवर को उसके मूल स्वरूप में वापस लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। अहीरवाल हेरिटेज संस्था की ओर से रविवार को भी नंद सरोवर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संस्था के उपाध्यक्ष एवं चित्रकार अमन राव ने बताया कि शनिवार को नगर परिषद के सहयोग से शुरू किए गए अभियान को आगे बढ़ाते हुए शेष कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

रविवार को अभियान में शहर के अनेक नागरिक भी जुड़े और सभी ने मिलकर ऐतिहासिक धरोहर को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मनोज शर्मा ने भी श्रमदान करके अभियान को गति दी। अभियान में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के सहायक प्रोफेसर डा. नवनीत कौशल और डा. सुशांत यादव, दिनेश कुमार, मंगेश कुमार व मोहित कुमार सहित अनेक लोगों ने योगदान दिया। वरिष्ठ नागरिक श्योलाल ने अहीरवाल हेरिटेज संस्था के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि वे पिछले 35 वर्षों से ऐतिहासिक स्थान की देखभाल कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में संचालित अखाड़े में अनेक पहलवान तैयार हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थल शहर की अनमोल धरोहर है और संस्था इसे संरक्षित करने के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

नंद सरोवर के पास स्थित शिव मंदिर के पुजारी पवन गौड़ ने कहा कि वे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक करेंगे कि वे तालाब में पूजन सामग्री व न डालें, ताकि सरोवर की स्वच्छता बनी रहे। संस्था की अध्यक्ष और स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर प्रियंका यादव ने आमजन से ऐसे अभियानों में भाग लेकर जिले की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।

**अपील** कॉल व वेबसाइट के जरिए बैंक डिटेल व ओटीपी हासिल कर उड़ाए जा रहे पैसे

# फास्टैग के नाम पर हो रहा स्कैम, सस्ते रिचार्ज व कैशबैक पर लोगों को भेजे जा रहे फर्जी लिंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से नागरिकों को साइबर स्कैम से बचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। पुलिस की ओर से आमजन को अनेक प्रकार के साइबर अपराधों से बचाव को लेकर जागरूक किया जा रहा है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने फास्टैग रिचार्ज स्कैम को लेकर आमजन को सतर्क किया है। एसपी ने बताया कि हाल ही में फास्टैग रिचार्ज व एनुअल पास के नाम पर साइबर ठगी के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें ठग लोगों को सस्ते रिचार्ज का ऑफर या कैशबैक का लालच देकर फर्जी लिंक भेजते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी स्वयं को बैंक, एनएचएआई या अधिकृत एजेंसी का कर्मचारी बताकर कॉल करते हैं और फास्टैग अपडेट या केवाईसी के नाम पर यूजर से उसकी गोपनीय जानकारी जैसे ओटीपी, बैंक डिटेल व कार्ड नंबर प्राप्त कर लेते हैं। जानकारी मिलते ही ठग पीड़ति के बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं। कई बार फर्जी वेबसाइट या एप के माध्यम से भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता है। एसपी ने स्पष्ट किया कि अनजान लिंक पर क्लिक करना या किसी भी व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग जानकारी साझा करना अत्यंत जोखिम भरा है। केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही फास्टैग रिचार्ज करना सुरक्षित होता है।

### संकेतों को पहचान कर हो जाएं सतर्क



साइबर ठगों की ओर से फास्टैग बंद होने या केवाईसी अपडेट के नाम पर अचानक कॉल या मैसेज आने, अनजान लिंक पर क्लिक करने के बाद बैंक खाते से पैसे कटने, फर्जी वेबसाइट का असामान्य दिखने या यूआरएल संदिग्ध होने तथा बार-बार ओटीपी या बैंक डिटेल मांगा जाए तो सतर्क हो जाए। एसपी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की साइबर ठगी का संदेह हो या वह ठगी शिकार हो जाए, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज कराएं। ठगी की सूचना नजदीकी थाने या साइबर थाने में भी दें। एसपी मीणा ने अपनी करते हुए कहा कि आमजन किसी भी प्रकार के लालच या जल्दबाजी में आकर अपनी गोपनीय जानकारी साझा न करें। सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

### ठगी से बचने के लिए बरतें ये सावधानियां

फास्टैग रिचार्ज केवल अधिकृत बैंक एप या एनएचएआई की आधिकारिक वेबसाइट से ही करें। किसी भी अनजान लिंक, एसएमएस या वाट्सअप मैसेज पर क्लिक न करें। कॉल पर कभी भी ओटीपी, सीवीवी, एटीएम पिन या बैंक डिटेल साझा न करें। सस्ता रिचार्ज या कैशबैक ऑफर के झांसे में न आएं। गूगल सर्च में दिखने वाले फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से सावधान रहें। मोबाइल व बैंकिंग ऐप्स को हमेशा अपडेट रखें।

# केंद्र और प्रदेश सरकार की खेल नीति युवाओं को कर रही आकर्षित : लक्ष्मण



रेवाड़ी। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक लक्ष्मण सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों की शानदार खेल नीति की बदौलत आज का युवा खेलों में भी अपना भविष्य बना रहा है। विधायक ने रविवार को गढ़ी बोलनी रोड़ स्थित गणेशी लाल हाई स्कूल में आयोजित रेवाड़ी प्रीमियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सचिन अदलपुर की अगुवाई में आयोजकों ने विधायक का स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने खेल प्रतिभाओं को आगे लाने तथा उन्हें मंच प्रदान किए जाने की दिशा में लगभग प्रत्येक खेलों की लीग आयोजित होने लगी है, जिससे गांव व छोटे से छोटे शहर की उभरती प्रतिभाओं को अपना जौहर दिखाने का मंच उपलब्ध हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की खेल नीति युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। युवा वर्ग अब शिक्षा के साथ-साथ खेलों में अपना भविष्य देखने लगे हैं। प्रदेश सरकार की ओर से खेलों तथा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई है। गांव-गांव में खेल स्टेडियम व जिम बनने से युवाओं को काफी लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर विकास यादव, विजय शर्मा, विशाल यादव, संदीप सैनी, खेमचंद सैनी, सुरजीत, हरिओम, सोमवीर, लोकेशइव सोनू बांबड सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टर के पास जांच कराने गई महिला लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से एक महिला डॉक्टर के पास जाने की कहकर घर से लापता हो गई। महिला के पति ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उसकी 30 वर्षीय पत्नी शुक्रवार को डॉक्टर के पास जांच कराने के लिए गई थी, लेकिन घर वापस नहीं आई। उन्होंने सभी जगह उसकी तलाश की तथा रिश्तेदारी में भी पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पत्नी का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। पत्नी दवाई के लिए घर से सात हजार रुपये भी लेकर गई है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### वर्ल्ड हेल्थ-डे पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप 7 को

**रेवाड़ी।** नेशनल फडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन की पेंशनर एसोसिएशन ऑफ रेलवे जिला शाखा की ओर से 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ-डे पर उप मंडल रेलवे हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रातः डा. आनंद तंवर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रातः 8:30 बजे कैंप का शुभारंभ करेंगे। सुबह 11 बजे तक चलने वाले कैंप में ईएनटी विशेषज्ञ डा. कंवर सिंह, दंत विशेषज्ञ डा. संतोष यादव तथा नेत्र विशेषज्ञ डा. विभोर कुमार टीम सहित मरीजों की जांच करेंगे। एसोसिएशन के सचिव के के सक्सेना ने बताया कि रेलवे हॉस्पिटल से मरीजों को दवाईयां दी जाएगी। कैंप सभी रेलवे कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### सर्विस रोड पर शव मिलने से सनसनी

**धारूहेड़ा।** बस स्टैंड के पास सर्विस रोड पर रविवार सुबह युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए। पहचान नहीं होने के बाद अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। सुबह के समय सड़क से गुजरने वाले लोगों ने एक शव पड़ा देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही एसएचओ कश्मीर सिंह मौके पर पहुंच गए। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक की उम्र करीब 30 साल के आसपास मानी जा रही है। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं पाए गए हैं। मौके पर पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी।


## भांडोर में शहीद कैलाश चंद की प्रतिमा का स्वास्थ्य मंत्री ने किया अनावरण

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वीकारा सरकारी अस्पतालों में सुधार की जरूरत

### रोहतक पीजीआई की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निदेशक तलब, आवश्यक सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार पर की जाएगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश की कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने स्वीकार किया कि रोहतक पीजीआई से लेकर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की दशा में व्यापक सुधार की जरूरत है। प्रदेश सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। पीजीआई के निदेशक को बैठक के लिए चंडीगढ़ बुलाया गया है। उनके साथ चर्चा के बाद खामियों को दूर करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। आरती राव रविवार को कुंड में डा. संजय मेहरा के निवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हाल में ही पीजीआई का दौरा करने के बाद उन्हें काफी खामियां नजर आईं। इस समय पीजीआई में 200 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। पीजीआई दवाओं की खरीद सरकार के माध्यम से नहीं, बल्कि खुद आवश्यकता के अनुसार करता है। निरीक्षण के दौरान खामियां पाने जाने के बाद उन्होंने निदेशक को चंडीगढ़ बुलाया है। मीटिंग में खामियों को दूर करने की दिशा में आवश्यक फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया प्रदेश के कई सरकारी अस्पतालों में जहां बिल्डिंग दयनीय हालत में हैं, वहीं सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। इसमें बदलाव की दिशा में भी जल्द ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज होने के कारण मरीजों का विश्वास बढ़ा है, जिससे अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है। भीड़ के अनुरूप अस्पतालों में सिक्योरिटी स्टाफ बढ़ाए जाने की जरूरत है, जिस पर सरकार तेजी से कार्य कर रही है। एक सवाल के जवाब में आरती राव ने कहा कि माजरा में निर्माणाधीन एम्स में ओपीडी भी जल्द शुरू होने की संभावना है। वह एम्स प्रशासन से बातचीत के बाद इसका निश्चित समय बता पाएंगी।




रेवाड़ी। भंडौर में शहीद की प्रतिमा का अनारवरण करते हुए आरती राव तथा कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए आरती राव। *फोटो : हरिभूमि*

### सीमा पर जान देने वाले शहीद राष्ट्र की धरोहर

इससे पहले भांडोर में शहीद कैलाश चंद की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आरती राव ने कहा कि देश की सीमाओं पर जान की बाजी लगाने वाले शहीद किसी परिवार या गांव की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट की धरोहर होते हैं। दक्षिणी हरियाणा की पहचान ही अमर शहीदों से है, जहां हर घर से सैनिक और हर गांव से वीरों की गाथाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने शहीद कैलाश चंद की शहादत को याद करते हुए बताया कि वर्ष 1993 में छत्तीसगढ़ में चुनाव ड्यूटी के दौरान माओवादियों से मुठभेड़ में उन्होंने वीरगति प्राप्त की थी। उनकी यह शहादत सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी।

### सरकार हर कदम पर शहीदों के साथ

आरती सिंह राव ने शहीद की वीरांगना भतेरी देवी और उनके परिवारजनों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने और विधायक कृष्ण कुमार ने इस मौके पर गांव में विकास कार्य कराने के लिए 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, भाजपा नेता अनिल रायपुर, रामपुरा सरपंच नरेश यादव, सरपंच नरेश कुमार, सरपंच विकास, डा. संगीता मेहरा, पूर्व जिला प्रमुख डा. शुभ्रा यादव, डा. अरविंद यादव, सरपंच रामकला, चेतन सरपंच, संजय सरपंच, नीलम, खुशबू, डा. आनंद राज शर्मा, सरपंच देशराज, पवन बजाज, अभय सिंह गुनवाल, भाजपा जिला महासचिव दिनेश यादव टींट, सुभाष यादव, विकास बड़खोदा, ब्लॉक समिति चेयरमैन करणपाल, सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय परिसर। फोटो : हरिभूमि

## 31 सेवाओं से जुड़े कामगारों को बिना गारंटी मिलेगा ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकार ने छोटे कामगारों और रेहड़ी-पटरी संचालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि यानि पीएम स्वनिधि योजना के दायरे का विस्तार किया है। अब योजना का लाभ केवल स्ट्रीट वेंडर्स तक सीमित न रहकर 31 प्रकार के सेवा क्षेत्र से जुड़े छोटे व्यवसायियों को भी दिया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को बिना किसी गारंटी के तीन चरणों में ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में 15 हजार रुपये, समय पर भुगतान करने पर दूसरे चरण में 25 हजार रुपये और तीसरे चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। समय पर किस्त चुकाने वालों को 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी है। योजना के तहत डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए वेंडर्स को कैशबैक सुविधा भी दी जाएगी। नियमित डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाले लाभार्थियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी दिया जाता है। साथ ही समय पर ऋण चुकाने वालों को लगभग 40 हजार रुपये की सीमा वाला क्रेडिट कार्ड भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### इन सेवाओं से जुड़े लोग भी होंगे पात्र

योजना के विस्तार के बाद अब नाई, मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार, ताला बनाने वाले, साइकिल व ऑटोमोबाइल मैकेनिक, कार-बाइक वॉशिंग सेंटर संचालक, टायर रिपेयर करने वाले सहित अनेक छोटे व्यवसायी भी शामिल होंगे। इसके अलावा अखबार विक्रेता, कोरियर सेवा प्रदाता, केबल ऑपरेटर, कबाड़ी, कचरा संग्रहकर्ता, फोटो फ्रेमिंग, जेरोक्स, लेमिनेशन, टेंट हाउस, आटा चक्की, चावल मिलिंग और पैकिंग कार्य करने वाले लोगों को भी योजना का लाभ मिलेगा।

### ऋण के लिए पंजीकरण व डेटा अपडेट जरूरीः ईओ



नगर परिषद के ईओ अरुण कुमार नांदल ने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समय रहते पंजीकरण और अपने डेटा को अपडेट कराना होगा, ताकि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बैंक ऋण मिल सके। सरकार का उद्देश्य समाज के हर छोटे कामगार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। योजना का यह विस्तार आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेगा।



### एक घंटे तक ब्लॉक रहा सर्विस रोड वाहन चालकों को उठानी पड़ी परेशानी

**कुंड।** कैबिनेट मंत्री आरती राव के कुंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में वाहनों को जैसलमेर नेशनल हाइवे की सर्विस लेन पर खड़ा कर दिया। इससे सर्विस रोड पर लगभग एक घंटे तक वाहनों का आवागमन बंद रहा। वाहन चालकों को मेन हाइवे से ही लंबा सफर तय करना पड़ा।पुलिस चौकी के ठीक सामने बड़ी संख्या में वाहन खड़े कर दिए गए। एक अधिकारी का वाहन तो सर्विस रोड के बीच में ही खड़ा कर दिया गया, जिससे रोड पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। रेवाड़ी से कुंड, मनेठी और डहीना की ओर जाने वाले वाहनों को हाइवे से ही बैरियर की ओर बने अंडरपास से जाना पड़ा। काफी देर तक वाहन चालक लंबा चक्कर काटकर अपने गंतव्य की ओर निकलते रहे। सर्विस रोड को वाहनों ने पूरी तरह ब्लॉक कर दिया था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद ही सर्विस रोड से वाहनों का आवागम सुचारू हो सका।

## बाबू जगजीवन राम का जीवन कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहाः रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी व संविधान सभा के सदस्य बाबू जगजीवन राम की जयंती पर गढ़ी बोलनी रोड स्थित कांग्रेस एससी डिपार्टमेंट कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने कार्यकर्ताओं के साथ बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए समाजहित में किए गए उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर रमेश ठेकेदार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री और संसद सदस्य के रूप में अपना पूरा जीवन समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। बाबू जगजीवन राम ने देश की राजनीति में रहकर दलित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया। उनके संघर्ष और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मीर सिंह चावरियां जिला उपाध्यक्ष, खूबराम सरपंच जिला उपाध्यक्ष, मामराज जिला उपाध्यक्ष, सूबेदार मेजर सत्यनारायण आवाज फाउंडेशन, रामेश्वर जिला महासचिव, रामनिवास ठेकेदार जिला उपाध्यक्ष, बनवारीलाल ठेकेदार, पृथ्वी ठेकेदार, एकलव्य, मिथलेश, नवनीत, सुदेश, अर्जुन, गौरीशंकर, हरिदास व इंद्रजीत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा कर मनाया विकट संकष्टी चतुर्थी पर्व

**रेवाड़ी।** सनातन धर्म में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और प्रथम पूज्य देवता माना जाता है। उनकी कृपा शुभ-मांगलिक कार्यों में आ रही बाधाएं दूर करती हैं। साथ ही व्यक्ति को सफलता भी मिलती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान गणेश को समर्पित संकष्टी चतुर्थी का व्रत हर माह रखा जाता है, लेकिन वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी का विशेष महत्व होता है, जिसे विकट संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। श्रद्धालुओं ने रविवार को विकट संकष्टी चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि की कामना की। ज्योतिषाचार्य दलीप शास्त्री ने कहा कि मान्यता है कि इस दिन भगवान गणेश का विशेष रूप से पूजन किया जाता है, जिससे जीवन में आने वाली सभी बाधाएं दूर होती हैं। यही नहीं साधक को कठिन परिस्थितियों से मुक्ति भी प्राप्त होती हैं।

### सड़क हादसे में पति की मौत पत्नी गंभीर घायल

**कोसली।** उपमंडल के गांव मलेशियावास के पास शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में कोसली गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के भाई विजेंद्र सिंह ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बीएसएफ से सेवानिवृत्त छोटा भाई अजीत सिंह व उनकी पत्नी बिमला शनिवार को गुरूग्राम से वापस कोसली आ रहे थे कि मलेशियावास गांव के पास गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई, जिससे उनके भाई अजीत सिंह व उसकी पत्नी बिमला देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस की सहायता से कोसली अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने अजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया तथा बिमला देवी को गंभीर चोट होने के कारण रेवाड़ी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## बैठक में किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रविवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी की मीटिंग अनाजमंडी स्थित किसान भवन में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान समय सिंह ने की। इस मौके पर यूनियन की सदस्य मुन्नी बूढ़पुर ने कहा कि 23 मार्च को पीपली में भारतीय किसान यूनियन चढूनी की रैली में फैसला लिया गया कि अमेरिका और भारत के ट्रेड डील समझौते को रद्द कराने के लिए यूनियन एक बड़े आंदोलन के लिए रूपरेखा तैयार करेगी। इस मौके पर जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। प्रधान ने कहा कि काफी किसानों को अभी तक वर्ष 2023 की बाजारा भावांतर राशि नहीं मिली है। वहीं हाल में हुई ओलावृष्टि से किसानों के गेहूं और सरसों की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की, जिससे किसानों को मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में हुई ओलावृष्टि का बीमा क्लेम भी किसानों को नहीं मिला है। इस मौके पर राजेंद्र कुमार गेरा,ओपी सिंह, लख्मीचंद इब्राहिमपुर, राजकुमार, शीशराम, राजेंद्र प्रसाद, नरेश, कृष्ण सैनी, खेमचंद ,मनीषा, रोशन लाल दरोगा व वेद सुल्तानिया सहित यूनियन के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर का स्टॉक न करें उपभोक्ताः डीसी



**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में एलपीजी सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य रूप से की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनावश्यक रूप से सिलेंडर का स्टॉक न करने का आह्वान किया है। डीसी ने कहा कि जिले में एलपीजी उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और गैस की आपूर्ति पारदर्शी व व्यवस्थित बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन एलपीजी की कालाबाजारी व जमाखोरी पर निरंतर निगरानी कर रहा है। डीसी ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर की शिकायतों के संबंध में कंट्रोल रूम नंबर 01274-225214 जारी किया गया है, जिस पर उपभोक्ता गैस सिलेंडर की शॉर्टेज, सप्लाई में देरी, कालाबाजारी या अवैध स्टॉक जैसी समस्याओं की शिकायत दे सकते हैं। अधिकारियों की ओर से कालाबाजारी और अवैध भंडारण से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### कंपनी के स्क्रैप में लगी आग से हड़कंप, फायर ब्रिगेड ने तुरंत पाया काबू



**कसोला।** बावल औद्योगिक एरिया सेक्टर-8 की एक कंपनी में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जबकि कंपनी में रखे स्क्रैप में अचानक आ लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने तुरंत आग पर काबू पाया, जिससे नुकसान से होने से बच गया। वांगफान एल्यूमिनियम कंपनी में एक ओर गत्ते का स्क्रैप पड़ा हुआ है। दोपहर के समय अचानक स्क्रैप से धुआं निकलना शुरू हो गया। कंपनी कर्मचारियों ने खुद आग पर काबू पाने के प्रयास किए। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड ने कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया। जल्द काबू पाए जाने के कारण आग फैलने से बच गई, जिससे कंपनी में बड़ा नुकसान होने से टल गया। आग पर काबू पाए जाने के बाद प्रबंधन ने राहत की सांस ली। पुलिस के अनुसार आग इत्तफाकिया लगी है। प्रबंधन की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।



रेवाड़ी। खेल नर्सरी के शुभारंभ पर मौजूद अतिथि व खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### जाटूसाना में हॉकी नर्सरी शुरू होने से गांव में खुशी की लहर, युवाओं में दिखा उत्साह

**जाटूसाना।** जाटूसाना ग्राम पंचायत को हॉकी नर्सरी आवंटित होने से गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में युवाओं में काफी उत्साह है। हॉकी नर्सरी के चयन प्रक्रिया का शुभारंभ हवन-पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जाटूसाना सरपंच संजोगिता, रजनी डीपीई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटूसाना और डा. टीसी राव संयोजक ग्रामीण उत्थान-भारत निर्माण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में शिव राम सेवा संस्थान के संरक्षक मनोज कुमार, कैप्टन राम किशन हॉकी कोच एवं अध्यक्ष शिव राम सेवा संस्थान कैलाशपुर, रविंद्र आशावादी, बिजेंद्र सिंह, हंसराज यादव पूर्व चेयरमैन, राजपाल यादव उद्योगपति, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटूसाना के शिक्षक और हॉकी नर्सरी के खिलाड़ी उपस्थित थे। इस मौके पर डा. टीसी राव ने हॉकी नर्सरी के महत्व और इसके माध्यम से उज्ज्वल भविष्य के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर यह भी निर्णय लिया गया कि रेजांगला स्पोर्ट्स स्टेडियम को एथलेटिक्स गतिविधियों के लिए भी विकसित किया जाएगा, जिसके लिए उपयुक्त एथलेटिक्स कोच की तलाश की जा रही है तथा इसका वित्तीय भार ग्रामीण उत्थान-भारत निर्माण संस्था की ओर से वहन किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि मनोज यादव ने रेजांगला स्पोर्ट्स स्टेडियम के विकास के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया गया कि बच्चों में खेल कौशल के विकास के लिए आईटीबीपी के कमांडेंट से भी सहयोग लिया जाएगा। डा. राव ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा देगी और युवाओं के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**मंचन** नाटक ने अपनी सशक्त कथा और भावपूर्ण अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

# 'खामोश अदालत जारी है' में समाज में महिलाओं के दमन और सामाजिक पाखंड को किया उजागर

- नाटक समाज की दोहरी नैतिकता को उजागर करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। बाल भवन में नाटक का मंचन करते कलाकार तथा मंचन देखते दर्शक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कला परिषद एवं भरतमुनि कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय नाट्य उत्सव के दूसरे बाल भवन के ऑडिटोरियम में 'खामोश अदालत जारी है' नाटक का मंचन किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी मदन डागर की ओर से निर्देशित नाटक के लेखक नाट्यकार विजय तेंदुलकर है। नाटक के मंचन ने अपनी सशक्त कथा और भावपूर्ण अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। नाटक की कहानी मुख्य पात्र लीला बनारे के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका संघर्ष महिलाओं पर थोपे गए दमनकारी नैतिक और सामाजिक मानदंडों को उजागर करता है। यह नाटक पुरुषों के यौन दमन और सामाजिक पाखंड जैसे विषयों पर प्रकाश डालता है और नैतिकता और परंपरा की आड़ में महिलाओं पर होने वाले अन्याय की तीखी आलोचना प्रस्तुत करता है।

विजय तेंदुलकर की ओर से रचित 'खामोश अदालत जारी है' एक प्रसिद्ध नाटक है, जो पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं के दमन और सामाजिक पाखंड को उजागर करता है। नाटक में लीला बेनारे नामक एक स्वतंत्र शिक्षिका को सहकर्मियों द्वारा एक नकली अदालती मुकदमे में भ्रूण हत्या के झूठे आरोप में फंसाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। नाटक के भीतर नाटक, नाटक की शुरूआत एक शौकिया मंडली द्वारा एक हॉल में नाटक खेलने के लिए इकट्ठा होने से होती है। वे समय बिताने के लिए एक नकली मुकदमा रचते हैं, जिसमें लीला बेनारे को अभियुक्त बनाया जाता है। बेनारे एक शिक्षित, स्वतंत्र और अविवाहित महिला है, जो अपनी शर्तों पर जीवन जीती है। यह बात समाज के पुरुष प्रधान ढांचे को रास नहीं आती। खेल-खेल में शुरू हुआ मुकदमा जल्द ही गंभीर हो जाता है। वकील और न्यायाधीश बेनारे के निजी जीवन, प्रेम प्रसंग और उसकी नाजायज गर्भावस्था को लेकर उस पर तीखे हमले करते हैं। नाटक समाज की दोहरी नैतिकता को उजागर करता है। अंत में, अदालत उसे दोषी ठहराती है और उसे गर्भपात कराने के लिए दोषी करार किया जाता है, जो उसके व्यक्तिगत अधिकारों का दमन है।

नाटक में सुखातामे का किरदार वरिष्ठ रंगकर्मी डा. अंकुर खेर, मिसिज काशीकर की भूमिका कुमारी तानिया, सामंत की भूमिका ललित वर्मा, रोकड़े की भूमिका जितेश, मिस्टर काशीकर की भूमिका हिमांशु व लीला बेनारे की भूमिका हिमानी ने निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन से नेहा शर्मा ने शिरकत की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान, वरिष्ठ रंगकर्मी राम चरण, वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा, रंगकर्मी मनोज शर्मा, संतोष कुमारी, रंगकर्मी कशिश बत्रा, नरेंद्र वर्मा, ओम प्रकाश बत्रा, शुभम, अर्जुन, मीनाक्षी, ईशांत व रविन्द्र कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।